50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 6.7 °c
अधिकतम 27.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


सूर्योदय : 7:04, सूर्यास्त : 5:21 | वर्ष : 50/ अंक : 341 | सोमवार, 12 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

रिश्ते ऐसे बनाओ कि जिसमें शब्द कम और समझ ज्यादा हो, झगड़े कम और नजरिया ज्यादा हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

व्यापारियों को डराने के लिए पड़ रहे हैं जीएसटी के छापे : अखिलेश यादव



जीएसटी भरने वाले व्यापारियों में कोई डर नहीं है.......

# व्यापारी बोले: तिल-तिल कर मरने से पूरा जिला एक ही बार कर देंगे बंद

▸ वाणिज्यकर की गाड़ियां देख शहर में कई बाजार हो गए बंद ▸ व्यापारियों ने जीएसटी छापों के खिलाफ किया प्रदर्शन ▸ चेतावनी: उत्पीड़न ना रुका तो बाजार बंद कर सौंपेंगे चाभियां

**मुजफ्फरनगर, 11 दिसंबर (बु.)।** जीएसटी का भूत व्यापारियों का सिरदर्द बन गया है। लगातार तीसरे दिन जीएसटी की छापेमारी के चलते व्यापारियों में खलबली मची रही। छापों की अफवाह के बाद शहर में आज रुडकी रोड पर जीएसटी की गाड़ियां दिखने के बाद रुडकी रोड, सर्राफा बाजार, मोती महल, आबकारी रोड और राज मार्केट में दुकानें बंद हो गईं और दुकानदार सड़कों पर उतर कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। इसके बाद शाम के समय भी एक बार फिर से जीएसटी छापों की अफवाह के बाद शिवचौक के आसपास बाजार बंद हो गए। इस दौरान व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर यह उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं रोकी जाती है तो वे जिले भर में अपनी दुकानें बंद करके इनकी चाभियां भाजपा के नेताओं को सौंप देंगे। इस बीच जीएसटी की टीम ने आज भी खतौली में छापा मारा।


नगर समेत जिले भर में आज तीसरे दिन भी जीएसटी छापों के खौफ से दुकानदार परेशान रहे। आज वाणिज्यकर विभाग की गाड़ियां रुड़की रोड पर नजर आईं तो इसके बाद रुड़की रोड समेत आसपास के तमाम बाजारों में जीएसटी के छापों की अफवाह फैल गई। इसके बाद वहां बाजार धड़ाधड़ बंद होते चले गए। देखते ही देखते रुड़की रोड, सर्राफा बाजार, मोती महल, आबकारी रोड, अंसारी रोड और राज मार्केट की दुकानें बंद होती चली गईं। इसके साथ ही तमाम दुकानदार सड़कों पर खड़े होकर जीएसटी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। हालांकि उक्त जीएसटी टीमों ने शहर में कोई कार्रवाई नहीं की। व्यापारियों में तीन दिन से चल रहे जीएसटी छापों को लेकर भयंकर रोष नजर आया। उन्होंने चेतावनी दी कि शासन के आदेश पर जीएसटी विभाग द्वारा लगातार व्यापारियों के उत्पीड़न की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में रोज जीएसटी छापे के खौफ में तिल-तिलकर मरने से बेहतर है कि जिले में एक साथ बाजार बंद कर व्यापारी अपने संस्थानों की चाभियां भाजपा के नेताओं को सौंप देंगे। इस बीच छापेमारी के विरोध स्वरूप राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. के प्रदेश उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी, संयुक्त महामंत्री पवन वर्मा, नगर मंत्री शिव कुमार सिंघल, दलजीत सिंह बीती शाम लखनऊ के लिए रवाना हो गए। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि प्रदेश में मनमाने ढंग से जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों पर जो छापामार कार्यवाही की जा रही है जिसका सीधा-सीधा आक्षेप प्रदेश में चल रही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर आ रहा है। अधिकारियों द्वारा सरकार को बदनाम करने का जो कार्य किया जा रहा है, उससे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभार आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल तथा प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला के माध्यम से इस विषय को प्रदेश भाजपा नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा और व्यापारियों पर हो रही उत्पीड़न की इस कार्यवाही को बंद कराया जाएगा। उनका कहना था अगर किसी की कोई शिकायत अधिकारियों के पास है या अन रजिस्टर्ड व्यापारी को रजिस्टर्ड कराने की बात है तो उसको नोटिस जारी करें एवं जवाब मांगे। इस तरह से प्रदेश भर के बाजारों में अफरा-तफरी एवं भय का माहौल पैदा करना बिल्कुल अनुचित है। कई दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर जीएसटी नम्बर प्रदर्शित करते दिखाई दिये।

## निर्भीक होकर खोलें दुकानें, नहीं होने देंगे उत्पीड़न: कपिलदेव अग्रवाल



**मुजफ्फरनगर, 11 दिसंबर (बु.)।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी छापों को लेकर उनकी शासन से वार्ता हो गई है और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न ना करें। उन्होंने व्यापारियों से भी निर्भीक होकर अपनी दुकानें खोलने को कहा। राज्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी छापों को लेकर व्यापारियों की समस्या को लेकर उन्होंने शासन स्तर पर वार्ता की है और किसी व्यापारी का अनुचित उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे में व्यापारी कल से निर्भीक होकर अपनी दुकानें खोलें। कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी के मामलों को लेकर अधिकारियों के साथ वार्ता के बाद ही आगे कोई कार्रवाई होगी और किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।








जीएसटी छापों के विरोध में बाजार बंद कर प्रदर्शन करते व्यापारी, बंद पड़ा मोती महल का सर्राफा बाजार तथा अपनी दुकान के आगे जीएसटी नम्बर की फ्लैक्स लगाते दुकानदार

# जीएसटी छापा मारा, तो करेंगे घेराव

## संजय मित्तल और अशोक कंसल ने व्यापारियों को भी दी पंजीकरण की सलाह



**मुजफ्फरनगर, 11 दिसंबर (बु.)।** जीएसटी छापों के नाम पर मचाए जा रहे आतंक के विरोध में आज संयुक्त व्यापार मंडल ने साफ चेतावनी दी है कि किसी कीमत पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। जहां भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी, उसका विरोध होगा और व्यापारियों का घेराव किया जाएगा। संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारी संगठनों ने जीएसटी छापों की कार्रवाई पर कड़ा रोष जताया। इसके बाद अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि लूट खसोट के लिए मचाया जा रहा आतंक सहन नहीं होगा। अगर कहीं छापे की कार्रवाई की गई तो इसका विरोध होगा और व्यापारियों का घेराव किया जाएगा। संजय मित्तल व पूर्व विधायक अशोक कंसल ने चेतावनी दी कि अधिकारी अनावश्यक बाजारों में घूमकर आतंक ना फैलाएं। अगर कहीं कोई शिकायत है तो नोटिस देकर व्यापारी को बुलाएं। बैठक में व्यापारियों से भी कहा गया कि जीएसटी में चालीस लाख वार्षिक तक की छूट है। ऐसे में जो व्यापारी जीएसटी के दायरे में आते हैं, वे अपने पंजीकरण कराएं। कोई अधिकारी उनका उत्पीडन नाजायज तरीके से करता है तो इसकी जानकारी वे संगठन को दें। इस मौके पर संगठन के महामंत्री प्रमोद मित्तल, राहुल वर्मा, निशांक जैन, विश्वदीप गोयल बिट्टू, महेश चौहान, सुभाष चौहान, गोपाल मित्तल, दीपक नारंग, नीरज बंसल और पंकज माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## मजबूत होंगे सभी स्वास्थ्य केंद्र: मुख्यमंत्री योगी

**वाराणसी, 11 दिसम्बर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय हेल्थ कॉन्क्लेव में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी के लिए स्वास्थ्य केंद्रों को अधिक से अधिक तकनीक से जोड़ने की बात कही। इन केंद्रों को पीजीआई, केजीएमयू जैसे चिकित्सा शिक्षण संस्थानों से जोड़कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

## खतौली में कृषि यंत्र के शोरूम पर मारा जीएसटी का छापा

**खतौली, 11 दिसंबर (बु.)।** जीएसटी विभाग की टीम ने रविवार को छुट्टी के दिन भी खतौली में बुढ़ाना तिराहे के समीप एक कृषि यंत्र बेचने वाले शोरुम पर छापा मारा जबकि मुजफ्फरनगर में जीएसटी विभाग की छापेमारी की अफवाह से अंसारी रोड एवं सर्राफा बाजार में भी कुछ दुकाने घंटों बंद रही लेकिन कोई टीम नहीं आई। अपर आयुक्त जीएसटी विवेक मिश्रा ने बताया कि रविवार को जनपद में केवल खतौली में बुढ़ाना तिराहे पर स्थित एक कृषि यंत्र बेचने वाले व्यापारी के यहां छापा मारा गया। इस दौरान कागजात आदि चेक किए गए। उन्होंने बताया कि छापेमारी का अभियान आगे भी जारी रहेगा। शासन की मंशा जीएसटी चोरी को रोकने एवं अपंजीकृत व्यापारियों का जीएसटी में पंजीकरण कराने की है। इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## मदन भैया का चुनाव प्रचार करना पड़ा भारी, अफसर पर गिरी गाज

**मुजफ्फरनगर, 11 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में रालोद उम्मीदवार मदन भैया के चुनाव प्रचार में भागीदारी करना सहारनपुर मंडल के पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डॉ. आनंद कुमार के लिए मुसीबत बन गया। रालोद नेता प्रशांत चौधरी के साथ उनका फोटो वायरल होने के मामले को शासन ने अनुशासन का उल्लंघन मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक आधार पर पद से हटाते हुए लखनऊ पशु निदेशालय से संबंद्ध कर दिया। सूत्रों के मुताबिक जिला बागपत निवासी डॉ. आनंद कुमार पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए खतौली उप चुनाव में भाग लिया था और रालोद प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते दिखे थे। डॉ. आनंद कुमार अगले माह ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. इंद्रमणि ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए डाक्टर आनंद कुमार का अतिरिक्त पदभार मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव कुमार सक्सेना को दे दिया है। इसके साथ ही उन्हें लखनऊ मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल से कई मंत्रियों की होगी छुट्टी

**मोदी मंत्रिमंडल में जनवरी में होगा फेरबदल**

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर (वार्ता)।** गुजरात और हिमाचल के चुनावों के बाद सुगबुगाहट केंद्र में कैबिनेट मंत्रिमंडल में फेरबदल की भी होने लगी है। चर्चाएं तो इस बात की भी हो रही है कि भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक स्तर पर भी कुछ फेरबदल हो सकते हैं। चुनावों के आकलन के बाद दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का इस्तीफा बदलाव के फेरबदल की पहली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। अगले साल होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों को देखते हुए अनुमान यही लगाया जा रहा है कि राजनैतिक समीकरणों के लिहाज से जल्द ही मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार देखने को मिल सकता है।

मोदी मंत्रिमंडल में लंबे समय से फेरबदल की चर्चाएं हो रही हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ महीने के भीतर अगर सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से ही चला, तो जल्द मोदी कैबिनेट में कुछ फेरबदल होंगे। यह फेरबदल अगले साल होने वाले अलग-अलग राज्यों के विधानसभा चुनावों के राजनीतिक समीकरण को देखते हुए किए जा सकते हैं। 2021 जुलाई में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में कोई फेरबदल नहीं हुए हैं। इन्ही डेढ़ साल के बीच में अलग-अलग राज्यों में कई बड़े राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं। जिसमें सियासी बिसात पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के फेरबदल और बदलाव की चर्चाएं हैं। सूत्रों का कहना है कि क्योंकि अब गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव हो चुके हैं और एलअगले साल कई राज्य में चुनाव होने हैं। इसलिए मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल की गुंजाइश बन रही है। सूत्रों का कहना है जिन मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड खराब है उनको या तो मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है या उनके मंत्रालयों में फेरबदल किया जा सकता है। करीब पांच महीने पहले मंत्रिमंडल फेरबदल विस्तार की जब चर्चा हुई थी, तो तकरीबन एक दर्जन मंत्रियों के पोर्टफोलियो में बदलाव की बात सामने आई थी। सूत्रों का कहना है कि मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जा रहा है। फेरबदल और जिम्मेदारियों में बदलाव इसी रिपोर्ट कार्ड के आधार पर किए जा सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि केंद्र सरकार ने आठ पॉइंट के आधार पर मंत्रिमंडल में मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड को तैयार करने का पूरा ब्यौरा मांगा है। जानकारी के मुताबिक आठ पॉइंट्स में यह देखा जा रहा है कि सरकार की योजनाओं को किस स्तर पर जमीन पर उतारा गया है। देखा यह भी जा रहा है कि क्या राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से उतारा है या नहीं। ऐसे ही और कई पॉइंट्स में मंत्रियों को भी कसौटी पर कसा जा रहा है। इसी आधार पर फेरबदल की गुंजाइश बन रही है।

## धूं-धूं कर जली बस, लाठी-डंडों से शीशे तोड़ निकाले गए 48 यात्री

**लखनऊ, 11 दिसंबर (वार्ता)।** कानपुर से लखनऊ आ रही रोडवेज की बस रविवार को बंथरा में आग की लपटों में घिर गई। पैसेंजर चीखने-चिल्लाने लगे। ड्राइवर ने बस को सड़क किनारे लगाया। लपटों से घिरी बस के शीशों को लाठी-डंडों से तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया, जिससे यात्रियों को चोटें भी आईं। बस में कुल 48 यात्री थे। परिवहन अधिकारियों के मुताबिक सेल्फ के स्विच में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से बस में आग लगी थी। आजादनगर डिपो की बस संख्या यूपी-77 टी 4386 कानपुर के झकरकटी से रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे रवाना हुई थी। बस में कुल 48 सवारियां थीं। बस के चारबाग पहुंचने से पहले ही बंथरा में दोपहर एक बजे के आसपास आग लग गई। इंजन से उठी आग को देखकर यात्रियों केहोश उड़ गए। हड़कम्प मच गया और पैसेंजर इधर-उधर भागने की फिराक में लग गए। इसी बीच ड्राइवर ने आनन फानन बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाले गए। बस से धुआं निकलता देख लोगों ने दमकल विभाग एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन दमकल कर्मी मौके पर पहुंचते इससे पहले ही स्थानीय लोगो ने आग पर काबू पा लिया। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। बता दें कि अभी ग्यारह दिन पहले ही फैजाबाद रोड पर कैसरबाग डिपो की बस संख्या 32 एमएन 9181 में आग लग गई थी, जिसमें 36 सवारियां थीं।

## दादी के कुंडल खींचे तो बदमाशों से भिड़ी पोती

**मेरठ।** अपराधी इस चौराहे पर वारदात करता है, यूपी पुलिस उसे अगले ही चौराहे पर ढेर कर देती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के इस बयान को मेरठ पुलिस ने सार्थक कर दिया है। मेरठ के लालकुर्ती क्षेत्र अंतर्गत मैदा मोहल्ले में शनिवार शाम महिला से कुंडल लूट का प्रयास किया गया। महिला के साथ उसकी पोती रिया थी जो दादी के कुंडल खींचते ही बदमाशों से भिड़ गई। रिया ने एक कुंडल बदमाशों से छीन भी लिया लेकिन मौका पाकर बदमाश भाग निकले थे। वहीं यह पूरी घटना एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं छात्रा की दिलेरी के लिए न सिर्फ उसकी तारीफ की जा रही है, बल्कि उसे सम्मानित भी किया गया है।

# हादसे में गन्ना क्रय केन्द्र पर तैनात मजदूर की मौत

**मुजफ्फरनगर, 11 दिसंबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के खेड़ी पचेंडा स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर ट्रक से नीचे गिरकर एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा अन्य हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छपार थानाक्षेत्र के गांव छपरा निवासी फरमान नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के खेडी पचेंडा स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर मजदूरी करता था। चार दिन पूर्व वह ट्रक में गन्ना लाद रहा था। अचानक चालक ने ट्रक चला दिया। ट्रक चलने पर फरमान नीचे गिर गया। ट्रक से नीचे गिरने पर वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ में उपचार के दौरान फरमान की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया। मृतक के भाई मेहरबान ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा अन्य हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में शामली जनपद के कस्बा थानाभवन निवासी अर्शी पुत्र सलीम ने बताया कि चरथावल बस स्टैंड पर एक वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पिता के दोनों पैरों को कुचल डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा पुरबालियान निवासी शाहवेज पुत्र इकबाल, जनकपुरी निवासी 7 वर्षीय अंजना पुत्री सर्वेश कुमार व सादपुर निवासी जनेश व उसकी पुत्री तन्वी अलग-अलग सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**भोपा, 11 दिसंबर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी युवक 25 वर्षीय अंकुर पाल मोरना से बाइक द्वारा घर लौट रहा था मोरना-भोकरहेडी मार्ग पर अज्ञात वाहन की साइड लगने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को भोपा पीएचसी भिजवाया जहां से गंभीर हालत के चलते अंकुर को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया अंकुर की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया अंकुर पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गया है। अंकुर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।




वैश्य कुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की जय हो
अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी की जय हो



महाराजा अग्रसेन | भगवान महावीर स्वामी

सभी सम्मानित वैश्य एवं जैन बंधुओं विगत रात्रि
अग्रवाल धर्मशाला, मंगलापुरी मण्डी
में समाज की विशाल बैठक में आगामी नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर, जिस एकजुटता से समाज के प्रत्येक व्यक्ति ने सम्मिलित होकर एकता का परिचय दिया
उसके लिए मैं जीवन पर्यन्त समस्त अग्रवाल समाज का आभारी रहूंगा।



आपका सच्चा सेवक
उमेश मित्तल
भाजपा नेता, शाहपुर



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

## विपक्ष के लिए मोदी मन्त्र

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष को भी जीत का मन्त्र दिया। जनता महसूस कर रही है कि ज्यादातार विपक्षी दल मोदी के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। यह अलग बात है कि वे यह स्वीकार नहीं करते। कांग्रेस में अध्यक्ष पद का चुनाव उन्हीं के नक्शे कदम पर चलने का एक उदाहरण है, बड़ी उम्र के नेताओं से और ज्यादा काम न लेने की नीति भी भाजपा की है और अब इसका अनुसरण अन्य दल भी कर रहे हैं। नागपुर में विकास योजनाओं का लोकार्पण करने पहुंचे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष को जीत का मन्त्र दिया। उन्होंने कहा, वोट पाने के लिए हमारे देश के कुछ नेता आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया वाली योजना चलाकर देश को खोखला कर रहे हैं। जनता ऐसे नेताओं को एक्सपोज करे। दुनिया के कई देश आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया की कुनीति से बर्बाद हुए हैं। शॉर्ट कट अपनाने वाले ऐसे नेताओं से आदरपूर्वक कहूंगा कि स्थायी विकास का महत्व समझें। शार्ट कट की जगह स्थायी विकास करके चुनाव जीत सकते हैं, बार-बार जीत सकते हैं। प्रधानमन्त्री ने सच कहा कि स्थायी विकास ही जीत का मन्त्र है, जो नेता सत्ता को विकास विमुख हैं, अब उनका जमाना नहीं है। अब जनता अच्छी राजनीति और बुरी राजनीति का अन्तर समझ गयी है अब गुण्डों के, घोटालेबाजों के और जाति पाति की राजनीति करने वालों के दिन लद गए, अब सभी विकास और शान्त वातावरण चाहते हैं। विकास के रास्ते विपक्ष भी सत्ता की सीढ़ी चढ़ सकता है, विकास ही विजय का एकमात्र मन्त्र है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा, आज महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। यह तेज गति से काम कर रही है। पहले की सरकारों की संवेदनहीनता के कारण विकास कार्य लेट हुए, बल्कि इनकी कॉस्ट भी बड़ी। उन्होंने घोसी खुर्द डेम का उदाहरण देते हुए कहा, 30-35 साल पहले इसकी नींव रखी गई थी। इसका अनुमानित खर्च 400 करोड़ था, लेकिन सरकारों की संवेदनहीनता के कारण काम पूरा नहीं हो सका। डेम का अनुमानित खर्च 400 करोड़ से बढ़कर 18 हजार करोड़ हो गया। 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद इसका काम तेज हुआ। यह डेम अब जाकर भर पाया है। खाड़ी के देश भारत के भी लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। खाड़ी देशों ने अपने इन्फ्रास्ट्रेक्चर को भविष्य के हिसाब से तैयार किया और लगातार इसे अपडेट करते रहे। सिंगापुर भी किसी जमाने में एक सामान्य द्वीप था। उन्होंने इन्फ्रास्ट्रेक्चर को डेवलप कर-के दुनिया को आकर्षित किया। मोदी ने नागपुर में मेट्रो सेवा की भी शुरूआत की। मेट्रो स्टेशन के उद्घाटन के बाद उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ मेट्रो की सवारी की। स्टूडेंट्स ने पीएम मोदी से बातचीत भी की। इससे पहले उन्होंने सबसे पहले नागपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ये देश की छठी वंदे भारत ट्रेन है। यह ट्रेन नागपुर से रायपुर के बीच चलेगी। प्रधानमन्त्री ने नागपुर में 520 किमी लंबे हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। यहां ढोल बजाकर मोदी का स्वागत किया गया। मोदी कलाकारों के बीच पहुंचे और उनके साथ ढोल भी बजाया। मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस-वे का पहला चरण पूरा हो गया है। 6 लेन के एक्सप्रेसवे को ह्रासमृद्धि महामार्गह्न नाम दिया गया है। पीएम मोदी ने नागपुर और शिर्डी को जोड़ने वाले 520 किमी लंबे समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेस-वे उत्तरी महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा के 10 जिलों से गुजरेगा। दूसरा चरण पूरा होने पर लंबाई 701 किमी होगी। लागत 55 हजार करोड़ रुपए है। इससे 24 जिलों के विकास में मदद मिलेगी। यह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, अजंता-एलोरा गुफाओं, शिर्डी, वेरुल, लोनार पर्यटन स्थलों से जुड़ेगा। यह भारत के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक है। देशभर में बेहतर कनेक्टिविटी और बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारे चारों तरफ सड़कों का जाल दिखाई देता है विकास का बड़ा रूप है सड़कों का जाल, सड़कें बन रही हैं, तो लोगों को काम भी मिल रहा है, बेहतर सड़कें हैं, तो अवसर भी बढ़ रहे हैं, विकास ही से समृद्धि के मार्ग खुलते हैं, यही एक मन्त्र है। मोदी ने यह भी कहा कि विकास का मतलब केवल सड़कें, फ्लाईओवर, पत्थर एवं इंटें ही नहीं होती हैं। इन सबके के साथ मानवीय संवेदनाएं साथ लेकर चलना ही असल विकास होता है। इन्हीं मानवीय संवेदनाओं का ख्याल रखते हुए आज नागपुर में एम्स की शुरूआत हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि आज आजादी के अमृत काल में देश विकसित भारत के विराट संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का रास्ता देश की सामूहिक ताकत के साथ चलता है। देश को विकसित बनाने के लिए राज्यों को विकसित बनना पड़ेगा। पीएम मोदी ने कहा कि, पिछले कुछ वर्षों में विकास कार्यों को सीमित रखा गया। इससे आगे बढ़ने के अवसर भी सीमित हो जाते हैं। इससे देश के अंदर छुपी हुई ताकत और हमारी सोच आगे नहीं आ सकी और इसका सबसे बड़ा नुकसान हमारे देश को हुआ। कल ही प्रधानमन्त्री ने गाजियाबाद के राष्ट्रीय यूनानी औषधि संस्थान का लोकार्पण वर्चुअल तरीके से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, अपने ज्ञान, विज्ञान और सांस्कृतिक अनुभव से विश्व कल्याण का संकल्प अमृतकाल का लक्ष्य है। भारत इस वर्ष जी-20 समूह की अध्यक्षता और मेजबानी कर रहा है। मुझे खुशी है कि दुनिया के तमाम देशों ने आयुर्वेद को मान्यता दे रखी है। हमें इसे ज्यादा से ज्यादा देशों तक पहुंचाना है। मोदी ने कहा,आयुर्वेद ऐसा विज्ञान है, जिसका दर्शन सबका सुख, सबका स्वास्थ्य है। जिसके शरीर में संतुलन हो, सभी क्रियाएं संतुलित हो, मन प्रसन्न हो, वही संतुलित है। अर्थात आयुर्वेद इलाज से आगे बढ़कर वेलनेस की बात करता है। विश्व भी अब तमाम परिवर्तनों से निकलकर इस प्राचीन पद्धति की तरफ लौट रहा है।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"कुर्ता" "सियासत" "जीवन" "उम्र"

वो कड़क कुर्ता पहन कर कुछ का कुछ कहते रहे,
है सियासत क्या बला इतना मगर समझे नहीं।
नासमझ नेताओं की जीवन कहानी है यही,
उम्र भर चलते रहे लेकिन कहीं पहुंचे नहीं।


## चाकू व लाठी-डंडों से हमला कर किया घायल

भोपा, 11 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा निवासी सुशील ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके परिवार के ही एक युवक ने उससे तीन हजार रुपये उधार लिए थे और रुपए लौटाने के लिए एक माह का वादा किया था, परंतु लगभग सात माह बीत जाने के बाद भी आज तक उसने पैसे वापस नहीं किए हैं। कुछ दिन पहले उसे पैसों की आवश्यकता पड़ी, तो उसने उक्त युवक को पैसे देने के लिए कहा तो युवक ने रविवार को पैसे देने का वादा किया था। युवक रविवार की दोपहर अपने पैसे लेने के लिए उसके घर गया था। आरोप है कि उसके घर पहुंचते ही आरोपी युवक व उसके भाई ने उसके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी, जब उसने गाली देने से मना किया, तो दोनों भाई मिलकर उसे घर के बाहर रास्ते पर ले आए और मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसके साथ मारपीट की जा रही थी, तभी गांव का ही एक युवक राजीव मौके पर आ गया और उसने उसे आरोपियों से छुड़ाने का प्रयास किया। इस पर दोनों आरोपियों ने मिलकर राजीव को पीटना शुरू कर दिया और चाकू व डंडे से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने घायल युवक के साथ थाने पर पहुंचकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने घायल युवक का डॉक्टरी परीक्षण कराकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## फौजी भाई को छोड़कर लौट रहे युवक को टक्कर मारी

कैराना, 11 दिसम्बर (बु.)। ड्यूटी के लिए जा रहे फौजी भाई को छोड़कर लौट रहे बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर रुप से घायल युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव ओली निवासी गौरव का भाई फौज में हैं। वह रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अपने भाई को ड्यूटी जाने के लिए हरियाणा के पानीपत में छोड़कर बाइक से घर के लिए लौट रहा था। इसी दौरान नगर के कांधला रोड पर विपरीत दिशा से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कार को नाबालिग चला रहा था। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बंदरों के आतंक से लोगों का जीना हुआ मुहाल






बुढ़ाना, 11 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के अधिकांश मौहल्लों में बंदरों के आतंक ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति यह है कि स्थानीय लोगों ने घर के बाहर और छत पर जाना बंद कर दिया है। इसके अलावा बच्चों को घर से बाहर नहीं खेलने दे रहे हैं। दहशत के मारे वे अपने बच्चों को अकेले बाहर भी नहीं भेज रहे हैं। कस्बे के हर मौहल्ले में बंदरों के आतंक की वजह से लोगों की जान पर बन आई है। ऐसा कोई दिन नहीं जा रहा, जिस दिन बंदर किसी को घायल ना करते हों। ये इतना घातक हमला कर रहे हैं कि हफ्तों के इलाज में लोगों के हजारों रुपए तक खर्च हो रहे हैं। वहीं इस साल आधा सैंकड़ा के आसपास लोगों को बंदर काट चुके हैं। कस्बे के मौहल्ला बड़ी मस्जिद, मौहल्ला मिर्दगान, काजीवाडा, धोबियान शाहवाडा सहित अन्य मौहल्लों में बंदरों का सबसे अधिक आतंक हैं। यहां पर तो बंदरों ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बच्चे बाहर निकलने में घबराने लगे हैं। वहीं बंदर घर के अंदर तक घुसकर हमला बोल रहे हैं। इसके बावजूद वन विभाग के अधिकारी इस समस्या को इतना हल्के में ले रहे हैं कि उन्होंने आज तक एक बार भी बंदर पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया है। लोगों का कहना है कि बंदरों को पकड़ने के लिए कई दफा प्रशासन के अधिकारियों से मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई अभियान नहीं चलाया गया है। वन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि हमारा स्टॉफ इसके लिए प्रशिक्षित नहीं है। हमारे पास स्टॉफ की कमी है। वर्तमान में स्टाफ में जो भी कर्मचारी है, वे बंदरों को पकड़ने के लिए अभी पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं हैं। नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन को बंदरों को पकड़ने के लिए कर्मचारियों को बुलाना चाहिए। इस संबंध में जब बड़े बुजुर्गो से बात की गई, तो उन्होंने बंदरों से बचने के उपाय बताए। जिसमें कहा गया कि बंदरों से आंख न मिलाएं, बंदरिया और उसके बच्चे के बीच से न निकलें, बंदरों को परेशान न करें, आप उन्हें अकेला छोड़ दें, वो आपको अकेला छोड़ देंगे, बंदरों को देखकर भागे ना, मरे हुए या घायल बंदर के पास न जाएं, बंदरों को खाना न दें, अगर बंदर आपकी गाड़ी (खासकर दो पहिया) से टकरा जाए तो गाड़ी न रोकें, बंदर अगर आपको देखकर खो-खो की आवाज करे तो डरें नहीं वहां से शांति से निकल जाएं। बंदर को कभी न मारें। बल्कि डंडे को जमीन पर पटकें।

## मुजफ्फरनगर के विकास के लिए योग गुरू रामदेव से मिले सत्यप्रकाश रेशु



मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बुस.)। मुजफ्फरनगर के चहुँमुखी विकास के लिए पतंजलि योग पीठ के माध्यम से कई योजनायें विचाराधीन है, जिन्हें सत्यप्रकाश रेशू बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण के आशीर्वाद से वास्तविक रूप देने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे मुजफ्फरनगर का उद्योग, व्यापार, किसान, मजदूर एवं रोजगार बड़े स्तर पर बढ़ पायेगा। इस अवसर पर विश्व योग गुरू बाबा रामदेव ने योग ग्राम में स्वदेश सेवा की शिक्षा दी, जिससे देश का धन देश में रहे व भारत देश गांव गांव तक चहुँमुखी विकास कर सके। इस अवसर पर योग गुरू ने "करो योग-रहो निरोग के ज्ञान को जन जन को पढ़ाया। प्रसिद्ध विचारक एवं समाज सेवी सत्यप्रकाश रेशू भी स्वदेशी एवं योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर वार्ता करने योग ग्राम पहुंचे। जहां उन्होने योग गुरू को चरण स्पर्श कर राम नाम का पटका सभी की ओर से पहनाया। इस अवसर पर योग गुरु ने सत्यप्रकाश रेशू का हाथ पकड़कर आशीर्वाद दिया व जन की सेवा करने के लिए स्वदेशी एवं योग का जीवन में उपयोग बताया। जन स्वदेशी एवं योग सदैव स्वस्थ, मस्त एवं सम्पन्न रहने के रास्ते है जो हमे जन की सेवा करने की प्रेरणा भी देते है। यही कारण है कि सत्यप्रकाश रेशू की तरह विश्व के करोड़ों लोग बाबा रामदेव के पतंजलि योग पीठ से जुड़कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कर रहे है। सत्यप्रकाश रेशू का अध्ययन है कि योग गुरू ने विश्व के हर कोने से आमजन को जोड़कर बोलने, आयुर्वेद अपनाने, योग करने एवं स्वदेशी अपनाने का ज्ञान दिया है, जिसमें नगर का विकास भी छिपा है।




## निकाय चुनाव सिर पर, समाजवादी पार्टी के सभी संगठन हैं भंग

पुरानी कार्यकारिणी ने ही लेने शुरू किए दावेदारों के बायोडाटा, शहर समेत तमाम नगर निकायों में सपा टिकट के काफी दावेदार

मुजफ्फरनगर,11 दिसंबर (बु.)। समाजवादी पार्टी में संगठन भंग है। ऐसे में निकाय चुनावों की आहट के साथ पार्टी में हलचल तेज हो गई है। निर्वतमान कार्यकारिणी के जिम्मे ही अभी निकाय चुनावों की जिम्मेदारी है। सपा में आज चेयरमैन व सभासद पद हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई और पहले दिन ही पार्टी प्रत्याशी बनने हेतु अनेक लोगों ने आवेदन किए। समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर में जिले की सभी नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद एवं सभासद पद पर सपा प्रत्याशी बनाये जाने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। सपा कार्यालय पर सपा हाईकमान के निर्देश पर निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट द्वारा घोषित कार्यसमिति सदस्य साजिद हसन, असद पाशा, सचिन अग्रवाल, शलभ गुप्ता एडवोकेट, प्रोफेसर रोहन त्यागी, डॉ. नूरहसन सलमानी ने मौजूद रहकर सपा से प्रत्याशी के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन प्राप्त किये। सपा कार्यालय पर पहले दिन ही जनपद भर की सभी नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पदों व सभासद पद पर सपा से प्रत्याशी बनने हेतु अनेक सपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने आवेदन प्राप्त किये। सपा नेताओं ने बताया कि सभी प्राप्त आवेदनों पर सपा हाईकमान के निर्देशानुसार सपा की चुनाव चयन समिति पार्टी प्रत्याशी बनाये जाने के सम्बंध में विचार कर अंतिम निर्णय लेगी।

## बदनीयती से गन्ने के खेत में खींचा



घायल युवती उपचार कराते हुए

भोपा, 11 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव में घर से बाहर कूड़ा डालने गई दलित युवती के साथ संप्रदाय विशेष के दो युवकों ने छेड़छाड़ करते हुए बुरी नीयत से गन्ने के खेत में खींचने का प्रयास किया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह सात बजे उसकी 17 वर्षीया बेटी घर के बाहर आबादी से मिले जंगल में कूड़ा डालने गई थी। आरोप है कि संप्रदाय विशेष के दो अज्ञात युवक उसके पास आए तथा छेड़छाड करने लगे व उसको पकड़ कर गन्ने के खेत की ओर खींचकर ले जाने लगे। युवती ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो ग्रामीणों को नजदीक आता देख आरोपियों ने सिर पर किसी धारदार वस्तु से वार कर घायल कर दिया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पत्रकारिता में सत्यता व निर्भयता बनने के लिए आध्यात्मिक प्रकाश जीवन में आवश्यक



मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। ब्रह्माकुमारीज दिव्य अनुभूति धाम, बामनहेड़ी (रामपुर तिराहा) में समाधान मूलक पत्रकारिता से स्वर्णिम भारत की ओर विषय के अंतर्गत मीडिया कर्मियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से आईआईएमसी के महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी ने अपने ऑनलाइन वक्तव्य में वर्तमान परिस्थितियों में समाधानमूलक पत्रकारिता को अपनाने पर जोर दिया। पत्रकार एवं मीडियाकर्मी तनावग्रस्त रहते हैं, जिसका प्रभाव उनके तन और मन पर पड़ता है। दिल्ली से पधारे ब्रह्माकुमारीज के मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय संयोजक राजयोगी ब्रह्माकुमार सुशांत कुमार ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में लाने से सकारात्मकता, आत्मविश्वास, धैर्यता तथा निर्भयता का गुण सहजता से प्राप्त होता है। राजयोग का अभ्यास हमें मानसिक रूप से सशक्त बनाता है और यथार्थ रूप से समाधानमूलक पत्रकारिता से व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक परिवर्तन संभव है। मोहननगर गाजियाबाद से आई ब्रह्मा कुमारी लवली दीदी ने आध्यात्मिक ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयं की पहचान, परमात्मा की पहचान तथा कर्मों की गुह्य गति का ज्ञान होना आवश्यक है। राजयोग का अभ्यास हमें मन से सशक्त, बुद्धि से जागृत तथा संस्कारों को परिवर्तन कर दैवीय बनाता है। मीडिया प्रभाग की दिल्ली एनसीआर की क्षेत्रीय संयोजिका राजयोगिनी सुनीता दीदी ने अपने आशीर्वचन में सभी के संपूर्ण स्वास्थ्य की कामना करते हुए समाधानमूलक पत्रकारिता से सामाजिक परिवर्तन की कामना की। दिव्य अनुभूति धाम की निर्देशिका राजयोगिनी जयंती दीदी ने गहन राजयोग की अनुभूति कराई और सबका धन्यवाद किया। ब्रह्माकुमार रमेश भाई ने भारतीय वायु सेना में सेवा करते हुए आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग से खुशनुमा जीवन के अनुभव को साझा किया। दिल्ली से आए ब्रह्माकुमार गणेश भाई ने मंच संचालन कुशलतापूर्वक किया तथा बीके केतन कर्णवाल ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सुभाषचन्द्र शर्मा, रवि गौतम समेत जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एडवोकेट टीसी रावत, बीके आदेश, बीके कपिल, बीके तारा, बीके उर्मिल, बीके मंजू बहन आदि का सहयोग रहा।

REQUIRED



COMPUTER OPERATOR

MEET BETWEEN
3:00 PM To 5:00 PM

-----: CONTACT :-----
VARDHMAN HOSPITAL
JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR

आवश्यकता है

- दुकान पर कार्य करने हेतु एक मेहनती लड़के की, जो 15 किलो तक वजन उठा सके।
गारन्टी अनिवार्य
समय - प्रात: 10 से सायं 8 बजे तक
वेतन :- 8500/- प्रति माह
- लोकल मार्किट में माल सप्लाई हेतु रिक्शा/रेहड़ा चालक की, जो बिल पढ़कर माल की डिलीवरी कर सके।
गारन्टी अनिवार्य
समय - प्रात: 10 से सायं 8 बजे तक
वेतन :- 10500/- प्रति माह

-: सम्पर्क करें :-
M. 9219675555



## सौम्या मित्तल ने गोल्ड मेडल जीता

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। गत एक दिसम्बर को काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें गन्ना विभाग में कार्यरत सौरभ मित्तल की सुपुत्री सौम्या मित्तल द्वारा राधा माधव संगीत कला केंद्र की तरफ से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमे सौम्या मित्तल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम करते हुए जनपद मुजफ्फरनगर व राधा माधव संगीत कला केंद्र साकेत का नाम रोशन किया। भाजपा नेता कुलदीप गोयल, नवनीत कुच्छल सभासद, चंदन जालान, निकुंज सिंघल, अग्रिम सिंघल द्वारा आज सौम्या मित्तल के आवास पर जाकर अपने समर्थकों के साथ सम्मनित करते हुए उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पूर्व में जगराज कुमार से बदलकर जयराज रख लिया था व मेरे समस्त कागजात (पैन कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि) में भी जयराज के नाम से है। अत: भविष्य में मुझे जयराज के नाम से ही जाना व पुकारा जाये।

जयराज
पुत्र स्व. नामचंद सैनी
निवासी : 24/51, कल्याणपुरी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

### बेदखली सूचना

सर्वसाधार । को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र जोनी उर्फ जय कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है, इसलिए मैंने अपने पुत्र जोनी उर्फ जय कुमार को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरा व मेरे परिवार का जोनी उर्फ जय कुमार से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। यदि जोनी उर्फ जय कुमार कोई लेन-देन या गलत कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जयपाल सिंह पुत्र मनफूल सिंह
ग्राम - वहलना, जिला-मुजफ्फरनगर

ओम शान्ति **शोक संदेश** ओम शान्ति



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय **राजेश राठी** (पुत्र श्री शिवचरण लाल राठी) का आकस्मिक निधन दिनांक 05 दिसम्बर 2022, दिन सोमवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी दिनांक 15 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को समय अपराह्न 3:00 बजे, स्थान : पी.एस.आर. गार्डन, लिंक रोड (निकट माउण्ट लिटेरा जी स्कूल), आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

ब्रह्मभोज - दोपहर 12:00 बजे

**-शोकाकुल परिवार-**

श्रीमती शिखा (धर्मपत्नी)
अनन्त महेश्वरी-कनिका (पुत्र-पुत्रवधु)
प्रमोद महेश्वरी-मंजू (भाई-भाभी)
गिरिराज महेश्वरी-सविता (भाई-भाभी)
एवं समस्त राठी परिवार

राधिका-निलेश (पुत्री-दामाद)
रजत, रंजन (भतीजे)
दीपक, उदित (भतीजे)
अनायिका (पौत्री)

**-प्रतिष्ठान-**

- महेश्वरी स्टील्स • ए.के. प्लाईवुड एण्ड इन्टीरियर
- महेश्वरी ऑयल ट्रेडर्स • अंश होण्डा

निवास :- 204, द्वारिकापुरी, गली नं. 10, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

मोबाइल : 8527187980, 9837024640, 9837005959

नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे हैं।
कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

## जीएसटी टीम की सूचना से बाजार में भगदड़




-कस्बे का बाजार हुआ धड़ाधड़ बंद
-दुकानदारों में मची खलबली



जानसठ में जीएसटी टीम की छापेमारी की सूचना पर बंद होते बाजार का दृश्य।

जानसठ, 11 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में जीएसटी की टीम आने की अफवाह मचने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते दुकानदारों ने ग्राहकों को बाहर कर अपनी दुकान के शटर गिरा दिए, लेकिन बाद में अफवाह का पता चलने पर पुणे बाजार खोला गया।

रविवार की दोपहर कस्बे में जीएसटी विभाग की ओर से छापेमारी किए जाने की अफवाह मच गई, जिसके चलते बाजार में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों ने ग्राहकों को दुकान के बाहर कर एक के बाद एक शटर गिराने शुरू कर दिए। पहले तो लोगों को यही नहीं पता चला कि क्या हो गया। बाद में जीएसटी विभाग की छापेमारी की सूचना अफवाह निकली, लेकिन उसके बाद भी अधिकतर व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर पूरे कस्बे में पहले जीएसटी टीम की खोज की। सूचना मात्र अफवाह निकलने के कारण व्यापारियों की जान में जान आई और कुछ देर बाद उन्होंने अपनी दुकानें खोली।

व्यापारी टीटू उपाध्याय, कपिल, प्रदीप कांबोज, गौरव भटनागर रामकुमार सैनी आदि ने बताया कि बाजार में एक तो वैसे ही मंदा चल रहा है उसके बाद जीएसटी टीम की छापेमारी से व्यापारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि छोटे व्यापारियों को इस दायरे से बाहर रखा जाए, जिसके चलते हुए अपनी रोजी रोटी कमा कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर सकें।

